केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
CENTRAL POLLUTION CONTROL BOARD
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार
MINISTRY OF ENVIRONMENT FOREST & CLIMATE CHANGE GOVT OF INDIA

फा.सं.सी-14011013/हि.सला.समि./20-22/277 दिनांक: 11.12.2023

परिपत्र

विषय: पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के कार्यवृत्त की एक मद में किए गए आंशिक संशोधन पर कार्रवाई के संबंध में।

कृपया इस कार्यालय के दिनांक 09.10.2023 के परिपत्र सी-14011013/हि.सला.समि./20-22/201 का संदर्भ देखें। उक्त संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि मंत्रालय के दिनांक 30.11.2023 के कार्यालय ज्ञापन के अधीन यह सूचित किया गया है कि हिंदी सलाहकार समिति के अध्यक्ष, अर्थात माननीय मंत्री जी द्वारा उक्त बैठक की दिनांक 20.06.2023 की बैठक के कार्यवृत्त की मद संख्या 5.3.12 के पश्चात एक नया बिन्दु 5.3.13 निम्नानुसार जोड़ने की स्वीकृति प्रदान की गई है:

"राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में संबंधित मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के एक आसानी से उपलब्ध गैर-सरकारी सदस्य को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।"

इस संबंध में मंत्रालय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन की प्रति सूचना एवं यथोचित कार्रवाई हेतु एतदद्वारा अग्रसारित की जाती है।

संलग्नक: यथोपरि

11/12/23

(संघ मित्र)
प्रशासनिक अधिकारी एवं
प्रभाग प्रमुख (राजभाषा)

वितरण हेतु:

1. सभी क्षेत्रीय निदेशक/प्रभारी परियोजना कार्यालय - सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
2. अध्यक्ष, केंद्रीय बोर्ड के निजी सचिव - अध्यक्ष महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. सदस्य सचिव अनुभाग के निजी सचिव - सदस्य सचिव के सादर सूचनार्थ।
4. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी - केंद्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु।

प्रशासनिक अधिकारी

'परिवेश भवन' पर्वी अर्जुन नगर, दिल्ली-110032
Parivesh Bhawan, East Arjun Nagar, Delhi-110032
दूरभाष/Tel : 43102030, 22305792, वेबसाईट/Website : www.cpcb.nic.in